मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण के छोटे भाई गोपाल को पुणे से गिरफ्तार किया एस.ओ.जी. टीम ने

वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक मामले में फरार था बर्खास्त सी.आई. गोपाल सारण

- आरोपित गोपाल सारण ने जयपुर से पुणे भागकर कबाड़ी का काम शुरू कर दिया था।
- आरोपित गोपाल सारण पाली जिले में एसएचओ के पद पर तैनात था। इस दौरान क्रूड ऑयल चोरी माफिया और एक्सटॉर्शन गैंग से मिलीभगत सामने आने पर साल 2020 में उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया था।
- इसके बाद से वह अपने बड़े भाई भूपेंद्र सारण के साथ मिल कर नकल गैंग का हिस्सा बन गया।

जयपुर । स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण के छोटे भाई बर्खास्त सीआई गोपाल सारण को गिरफ्तार कर किया है। जानकारी में सामने आया है कि आरोपित गोपाल सारण ने जयपुर से पुणे भागकर कबाड़ी का काम शुरू कर दिया था। सूचना पर मौके पर पहुंच कर एसओजी ने कबाड़ की दुकान से गोपाल सारण को गिरफ्तार कर लिया और उसे जयपुर ले आई। अब तक के तथ्यों के आधार एसओजी उससे पूछताछ करने में जुटी है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी को इनपुट मिला था कि सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण का छोटा गोपाल सारण पुणे में स्क्रैप का काम कर रहा है। इस पर जयपुर से एक टीम को पुणे के लिए रवाना किया गया। टीम लोकेशन पर पहुंची तो आरोपित नहीं मिला। इस पर टीम ने वहां रुक कर निगरानी रखी और उसके दुकान पर पहुंचते ही दबोच लिया। एसओजी की टीम ने पुणे में उसके घर पहुंच कर सर्च किया, जहां कुछ दस्तावेज मिले हैं। इनकी जांच कराई जा रही है। एसओजी की टीम ने आरोपित गोपाल को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

एडीजी एसओजी ने बताया कि आरोपित गोपाल सारण पाली जिले में एसएचओ के पद पर तैनात था। इस दौरान सामने आया था कि उसकी क्रूड ऑयल चोरी माफिया और एक्सटॉर्शन गैंग से मिलीभगत है। कई आपराधिक घटनाओं में मिलीभगत होने पर सरकार ने साल 2020 में नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद से वह अपने बड़े भाई भूपेंद्र सारण के साथ मिल कर नकल गैंग का हिस्सा बन गया।

आरोपी गोपाल सारण ने कई प्रतियोगी परीक्षा में नकल कराई। साथ ही अभ्यर्थियों को पेपर भी दिए। एसओजी गोपाल सारण को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। आखिर वह किन-किन परीक्षा में कितने लोगों को पेपर दे चुका है।

एडीजी एसओजी ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में अभ्यर्थियों को पेपर देकर नकल कराने के मामले में भी गोपाल सारण के खिलाफ एफआईआर थी। इस दौरान एफआईआर होने के बाद गोपाल सारण ने राजस्थान छोड़ दिया। वह कई राज्यों में फरारी काटता रहा। पेपर लीक का मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण साल 2011 में जीएनएम भर्ती पेपर आउट प्रकरण और वर्ष 2022 में पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में भी शामिल था। वह फिलहाल जेल में है। एटीएस एसओजी ने सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में भूपेंद्र सारण को बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था।

एसओजी पूछताछ के लिए भूपेंद्र को कई बार रिमांड पर लाई। भूपेंद्र ने कभी नहीं कहा कि उसका छोटा भाई भी एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में साथ मिलकर काम कर रहा था। एसओजी के पास रिमांड पर आए अन्य आरोपियों ने इसकी जानकारी एसओजी के अधिकारियों को दी। इसके बाद एसओजी ने भूपेंद्र सारण से इसे लेकर पूछताछ की। तब जाकर उसने छोटे भाई की मिलीभगत के बारे में पूरी जानकारी एसओजी को दी।

39 वृद्धजनों व आठ स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया

बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक जीवन के लिए समन्वित प्रयास करें : रांका

राज्यस्तरीय वृद्धजन समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने वृद्धजनों को शॉल व साफा पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया।

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जयपुर स्थित ओ.टी.एस. सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में 39 वृद्धजनों और 8 स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने समारोह में कहा कि बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक जीवन के लिए सभी को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे। रिटायरमेंट लाइफ के बाद बुजुर्ग सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम रहे यह भी जरूरी होता है। उनके साथ भावनात्मक संबंध बने रहे और उम्र बढ़ने के साथ होने वाले रोगों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि बीमारियों से जितना हो सके बचा जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 60 वर्ष से अधिक 11 प्रतिशत व्यक्ति है और बेहतर चिकित्सा सेवाओं से यह प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के जीवन को सुगम्य बनाने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक करने जी जरूरत है। समारोह में वृद्धजनों को आवश्यक सहायक उपकरण भी वितरित किए गए और उपस्थित सभी लोगों को बुजुर्गों के सम्मान की प्रतिज्ञा दिलाई।

समारोह में शिव कुमार शर्मा, रामप्रकाश सविता बूंदी, जयकिशन जोशी, डॉ. बंशीधर तातेड़ बाड़मेर, गणेश स्वामी, शेख नियाजुल हक गौरी चुरू, भीख सिंह भाटी सिरोही, कश्मीर सिंह, डॉ. प्रेमसुख सुराणा, डॉ. सतीश कुमार अजमेर, वेणुगोपाल शर्मा करौली, विमल जैन, तरुलता मेहत्ता, देवेंद्र कुमार सक्सेना कोटा, श्याम सुन्दर सोनी, डॉ. जगदीश दान बहारठ, कृष्ण कुमार शर्मा, मोहम्मद जफर भाटी बीकानेर, त्रिलोक राम चौधरी, लक्ष्मण बगराणा, चेतन प्रकाश गोयल, अशोक कुमार चितारा जोधपुर, नवल सिंह पगरिया, वरदान मेहता, चन्द्रप्रकाश पोरवाल उदयपुर, मोहनलाल बालोतरा, पवन कुमार सैनी, डॉ. जगदीश प्रसाद बुगालिया, हरिराम महण झुन्झुनू, डॉ. नरेन्द्र शर्मा कवि जयपुर, पद्मेश गांधी डूंगरपुर, पुखराज सिंह राजपुरोहित, रामदेव महावर, नाथूसिंह, हीरालाल सैन, गोपाल सिंह रावत, अमरा राम माली, गुणाराम सीरवी, रतनलाल खटाणा तथा करनी नगर विकास समिति, जागृति मंदिर समिति कोटा, ग्रामीण विकास समिति खैरथल तिजारा, केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति राज., सिंबल संस्थान जोधपुर, सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान जयपुर, महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान-उदयपुर और राजस्थान पेंशनर्स समाज-बालोतरा संस्थान को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केसरलाल मीना, अतिरिक्त निदेशक सतर्कता एवं प्रशासन, दिलबाग सिंह अतिरिक्त निदेशक सामाजिक सुरक्षा, विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

टॉरैंट गैस कंपनी पर इंजीनियर्स की मेहरबानी से जे.डी.ए. को 30 लाख रु. की चपत लगी

क्वींस रोड पर गैस पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई करीब 3 किलोमीटर की सड़क ''टॉरैंट गैस कंपनी'' से ठीक करवाने के बजाय जे.डी.ए. ने सरकारी खर्चे से पेचवर्क में सही कर डाली

वैशाली नगर में क्वींस रोड पर टॉरैंट कंपनी द्वारा गैस पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क को जे.डी.ए. प्रशासन ने हाल ही में पेचवर्क के नाम पर सही कराया है।

- नियमानुसार गैस कंपनी को रोड कट की परमिशन लेते हुए जे.डी.ए. प्रशासन को सड़क खुदाई के पेटे करीब 30 लाख रु. देने थे

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के इंजीनियर्स को टूटी सड़कों के पेचवर्क के नाम पर कुछ भी करने की छूट मिली हुई है। अब ये इंजीनियर्स निजी कंपनी द्वारा खोदी गई सड़क और रोडकट का काम भी पेचवर्क में दिखाकर सुधार रहे हैं और जेडीए को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो ताजा मामला जेडीए के जोन-7 का सामने आया है। वैशाली नगर स्थित क्वींस रोड पर करीब 3 किलोमीटर दूरी में टॉरैंट गैस कंपनी ने करीब तीन माह पहले गैस पाइप लाइन डालने के लिए सड़क का एक तरफ से खोद दिया था। यह खोदी गई सड़क इसी गैस कंपनी को ठीक करनी थी, अथवा रोड कट और सड़क सुधार का पैसा जयपुर विकास प्राधिकरण में जमा करवाना था।

पिछले 3 माह से यह सड़क खुदी हुई पड़ी रही, लेकिन कंपनी ने इसे सही नहीं कराया। बरसात का सीजन होने के कारण कंपनी को भी बहाना मिल रहा था। अब मानसून खत्म होने के बाद जे.डी.ए. में जैसे ही पेचवर्क के काम स्वीकृत हुए तो जोन-7 के इंजीनियर्स ने रोड कट को सुधारने के नाम पर इस सड़क को ठीक करने का काम भी पेचवर्क में शामिल कर लिया। इससे जेडीए को करीब 30 लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसे क्या कारण थे कि, जेडीए के इंजीनियर्स ने टॉरैंट गैस कंपनी के प्राइवेट काम को भी अपने पेचवर्क दिखाकर दुरुस्त करना पड़ गया। सड़क ठीक करवाने का काम गैस कंपनी से क्यों नहीं कराया गया।

सूत्रों की मानें तो क्वीन्स रोड जोकि लगभग 3 किलोमीटर लम्बाई में है, पूरी रोड की वर्तमान स्थिति संतोषजनक है। केवल पुरानी चुंगी, विजय द्वार और कुछ हिस्सों में सड़क क्षतिग्रस्त है, जहां केवल पेचवर्क से मरम्मत करके करोडो रुपए बचाए जा सकते हैं। इसी तरह कनक वृंदावन कालवाड़ रोड के आसपास भी सड़क में गहरे गड्ढे पड़े हैं, लेकिन वहां पर जेडीए टीम पेचवर्क नहीं करवा रही। ठेकेदार फर्म खुदाबक्श ने कई ऐसी सड़कों पर पेचवर्क कर दिए, जहां रोड टूटी ही नहीं थी। सड़क पर उबड़-खाबड़ पेचवर्क करने से रोड लेवल भी खराब हो गया है। घटिया पेचवर्क को ऐसा नमूना पिछले दिनों अजमेर रोड एलिवेटेड पुलिया पर भी देखने को मिला था, यहां जोन-7 द्वारा किए गए पेचवर्क कुछ घंटे में ही बिखर गए। अब इंजीनियर्स ने अपनी खामियां छिपाने के लिए इस सड़क के नवीनीकरण का काम स्वीकृत करवा लिया। ताकि, पेचवर्क के नाम पर जो लाखों रु. के घटिया काम हुए, उनकी जमीनी हकीकत सामने नहीं आ सके।

टाईम बैंक ने मनाया वृद्धजन दिवस

जयपुर । अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर टाईम बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय विद्या भवन के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु के 70 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। समारोह में लगभग 800 सदस्यों एवं आमजन ने भाग लिया । इस समारोह का आयोजन भारतीय विद्या भवन, जयपुर केंद्र के साथ टाईम बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।

जयपुर केंद्र के चेयरमैन विमल सुराणा का इस अवसर पर अभिनंदन किया गया। टाईम बैंक के संस्थापक चेयरमेन पी. सी. जैन ने बताया कि पूरे देश में टाईम बैंक के 5500 से ज्यादा सदस्य है जिनका विभाजन हर क्षेत्र के पिनकोड के द्वारा किया जाता हैं।जयपुर जिला कॉर्डिनेटर अशोक जैन ने बताया कि टाईम बैंक ऑफ इंडिया देश का पहला और एकमात्र बैंक है जहां पैसा नहीं बल्कि समय जमा किया जाता है । इसके सदस्यों की सेवाये नि:शुल्क मिलती है। सदस्यता नि:शुल्क ऑनलाइन टाईम बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाईट पर ली जा सकती है ।

सार-समाचार

बी.एस.एन.एल. का स्थापना दिवस मनाया

जयपुर । बीएसएनएल का 24वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात रहे कि इसकी स्थापना 1 अक्टूबर 2000 को हुई थी। आज पूरे देश में बीएसएनएल के सभी कार्यालयों में स्थापना दिवस मनाया गया और इस कड़ी में जयपुर के एम.आई.रोड स्थित प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर कार्यालय के फैडरेशन हॉल में बीएसएनएल स्थापना दिवस गरिमापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर राजेश अग्रवाल ने की । वरिष्ठ महाप्रबंधक (एच आर एवं प्रशासन) अखलेश अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम में पधारे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, डीएसए एवं बीएसएनएल परिजनों का स्वागत किया। स्थापना दिवस पर आज बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महप्रबंधक विक्रम मालवीय ने जयपु सांसद मंजू शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रधान महप्रबंधक (सीएफए) दीपक गुप्ता, वरिष्ठ महप्रबंधक (एच आर एवं प्रशासन) अखलेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

गांधी वाटिका का संचालन आज से

जयपुर । शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग रवि जैन ने बताया कि गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) का संचालन 02 अक्टूबर 2024 (गांधी जयन्ती) से कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रारम्भ किया जा रहा है। शासन सचिव ने बताया कि गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) 02 अक्टूबर (गांधी जयन्ती) से प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक पर्यटकों के लिये खुला रहेगा। म्यूजियम माह अक्टूबर, 2024 में नि:शुल्क रहेगा। शासन सचिव ने बताया कि गांधी वाटिका में गांधी जी के बचपन, उनकी जीवन यात्रा, दक्षिण अफ्रीका यात्रा, सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन, चौरी-चोरा आन्दोलन इत्यादि को दर्शाया गया है। गांधी वाटिका विद्यार्थियों एवं पर्यटकों के लिये एक आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने किया रैम्प वॉक

जयपुर । प्रभावशाली संगीत के बीच हर उम्र और बॉडी शेप की महिला आत्मविश्वास से परिपूर्ण दिखी। कुछ ऐसा ही नजारा था नारीत्व फ़ेस्ट के चौथे सीजन के भव्य आयोजन का। झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मंगलवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में शरीर की सकारात्मकता और अपने आप को ख़ुशी से स्वीकारना जैसे जरुरी विषय को लगभग 300 से ज़्यादा की महिलाओं ने ख़ूबसूरती से ने मंच पर प्रस्तुत किया। आरी-तारी के संयोजन से हुए कार्यक्रम के दौरान 22 कैटेगरीज में 5 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एक्ट्रेस और डांसर सुधा चंद्रन ने शिरकत की। उन्होंने सभी महिलाओं को अपने रंग, उम्र और शेप की परवाह किए बिना अपनी काबिलियत के दम पर नए मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत नारीत्व की फाउंडर रचना कौशिक ने सभी के स्वागत के साथ किया।

आर.एम.सी. रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा निलंबित

आर.एम.सी. द्वारा फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रकरण में मंत्री का सख्त एक्शन

- काउंसिल में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश माथुर और कनिष्ठ सहायक फरहान हसन भी निलंबित
- चिकित्सा मंत्री के निर्देशों पर पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित

जयपुर । राजस्थान मेडिकल काउंसिल द्वारा फर्जी रजिस्ट्रेशन के प्रकरण में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए 5 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही काउंसिल में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश माथुर एवं कनिष्ठ सहायक फरहान हसन को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। काउंसिल के रजिस्ट्रार पद का अतिरिक्त कार्य भार सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रमुख विशेषज्ञ सर्जरी डॉ. गिरधर गोपाल गोयल को दिया गया है। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार प्रथम दृष्टया रजिस्ट्रेशन जारी करने में कुछ प्रक्रियागत खामियां सामने आई हैं। साथ ही, रजिस्ट्रेशन में लापरवाही एवं अनियमितता से संबंधी तथ्य भी सामने आए हैं। इसे देखते हुए रजिस्ट्रार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा है कि फर्जी रजिस्ट्रेशन जारी होना गंभीर मामला है। हम इसकी तह तक जाएंगे। राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। फर्जी रजिस्ट्रेशन के मामले में जांच कमेटी की रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कार्मिकों पर सख्त एक्शन लेंगे। किसी भी स्तर पर अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि प्रकरण संज्ञान में आते ही चिकित्सा मंत्री ने मामले की गहन जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे। इस कमेटी में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, परियोजना निदेशक पीसीपीएनडीटी श्री महिपाल सिंह, अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, वित्तीय सलाहकार वीना गुप्ता एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह शामिल हैं। कमेटी ने मंगलवार शाम को अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। शीघ्र ही, कमेटी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स) की घोषणा के लिए फैडरेशन ऑफ हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा, महासचिव सी.ए. वीरेंद्र एस शेखावत और संयुक्त सचिव तरुण बंसल ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ''रिप्स पॉलिसी'' राजस्थान में टूरिज्म इंडस्ट्री के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे आगे बढ़ाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य : श्रेया गुहा

डेल्फिक क्लब का उद्घाटन समारोह आयोजित, कत्थक नृत्यांगना मनीषा पांडे ने दी प्रस्तुति

जयपुर । डेल्फिक काउन्सिल ऑफ राजस्थान ने कला एवं संस्कृति के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य के विद्यालयों में स्थापित डेल्फिक क्लब की वार्षिक गतिविधियों का उद्घाटन समारोह भारतीय विद्याभवन विद्याश्रम स्थित प्रताप सभागार में आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने किया।

गुहा ने राज्य की कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और उसे आगे बढ़ाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि डेल्फिक क्लब के माध्यम से आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियां इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक लोक संगीत और नृत्य से लेकर बारीक शिल्प और वास्तुकला तक राज्य की समृद्ध विरासत पूरे विश्व में अलग पहचान रखती है। हमारा कर्तव्य है कि हम इन प्राचीन परंपराओं को संरक्षित करें और इन्हें नई ऊँचाइयां देने और वैश्विक पटल पर लाने के लिए नवाचार करें। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मनीषा पाण्डे गुलियानी द्वारा एक विशेष नृत्य कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इसमें युवा प्रतिभागियों को कथक की बारीकियों और उसकी समृद्ध परंपरा को करीब से जानने और समझने का अवसर मिला। कार्यशाला में विभिन्न नृत्य विधाओं का प्रत्यक्ष प्रस्तुतिकरण भी किया गया। कार्यक्रम में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त लोक कलाकार, अनीता प्रधान ने भी घूमर नृत्य के माध्यम से राजस्थानी लोक कला की अनूठी छवि प्रस्तुत की। कन्टेपरेरी नृत्य में प्रणय माथुर ने विद्यार्थियों को नृत्य की विधाओं की बारिकियों से अवगत कराया। डेल्फिक काउन्सिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने विद्याश्रम की प्रधानाचार्य प्रिति सांगवान को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में डेल्फिक क्लब के सदस्य कीर्ति शर्मा, शिप्रा शर्मा, राहुल सूद, शबाना डागर उपस्थित रहे।

114 एडिशनल एस.पी. बदले

जयपुर । राज्य सरकार ने 114 एडिशनल पुलिस अधीक्षक का तबादले किये है। इससे पहले 24 सितंबर को 11 आईपीएस अफसरों को नई पोस्टिंग दी गई थी। जिसमें 4 आईपीएस अफसरों का तबादला किया गया था। वहीं 7 आईपीएस अफसरों को ट्रेनिंग पूरी होने के बाद कार्यभार सौंपा गया था।

पदोन्नति

जयपुर । राजस्थान आवासन मंडल की वरिष्ठ विभागीय पदोन्नित समिति की बैठक प्रमुख शासन सचिव एवं आवासन मंडल अध्यक्ष वैभव गालरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 30 राजसेवकों को पदोन्नित प्रदान की गई। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उप आवासन आयुक्त, आवासीय अभियंता, उप वित्तीय सलाहकार, वरिष्ठ लेखाधिकारी, लेखाधिकारी, निजी सचिव, संपदा प्रबंधक और सहायक नगर नियोजक पदों पर पदोन्नित प्रदान की गई।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया सफाई का संदेश

जलमहल की पाल पर मंगलवार शाम को आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हैरिटेज निगम की महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने किया। उनके साथ अतिरिक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव, पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी और आमजन मौजूद थे।

जयपुर (कासं)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से मंगलवार को ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत जल महल की पाल पर जीरो वेस्ट इवेंट में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया गया।

हैरिटेज निगम के अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर कुसुम यादव, आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान वेस्ट ऑफ राजस्थान के कलाकारों ने कालबेलिया, घूमर, ग्रामीण भवई, केसरिया बालम आदि प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

वहीं हेरिटेज निगम की आईईसी एक्टिविटी टीम ने नुक्कड़ नाटक के जरिए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रेरित होकर आमजन को जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आगे आना चाहिए। हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चलेगा। इस दौरान हेरिटेज निगम की ओर से शहर भर में स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न आयोजन किए गए। जिसमें एनजीओ, स्वयं सहायता समूह के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता रैली, सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान, मानव श्रृंखला, स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला, स्वच्छता मेला, श्रमदान, ब्लैक स्पॉट क्लीनिंग आरआरआर एक्टिविटी, स्वच्छ स्ट्रीट फूड जैसे आयोजन किए जा चुके है। अभियान का समापन दो अक्टूबर को जलमहल की पाल पर किया जाएगा।